हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 17 मार्च 2025, समय 1810 (10 मिनट)

- मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी  ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए 2 लाख 5 हजार 17 करोड़ रुपए का बजट पेश किया।
- बजट में डिपार्टमेंट ऑफ़ फ्यूचर नाम से एक नया विभाग बनाने और हरियाणा ऐ आई मिशन की स्थापना की घोषणा की गई।
- मुख्यमंत्री ने बजट में किसानों के लिए कई घोषणाएं की। गन्नौर मंडी का निर्माण पूरा होगा और गुरुग्राम में फूलों की अत्याधुनिक मंडी बनाई जाएगी।
- गौशालाओं को ई रिक्शा दिए जायेंगे।
- बागवानी उत्पाद को बढ़ावा देने के लिए हिसार हवाई में एयर कार्गो बनाया जाएगा।

***********

हरियाणा  के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी जो प्रदेश के वित्त मंत्री भी हैं, ने आज वित्त वर्ष 2025-26 के लिए 2 लाख 5 हजार 17 करोड़ रुपए का बजट पेश किया।बजट प्रस्तुत करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में राज्य की जीडीपी औसतन 10.8% और प्रति व्यक्ति आय औसतन 9.1% की दर से बढ़ी है।उन्होंने कहा कि वर्ष 2014-2015 में हरियाणा का सकल घरेलू उत्पाद यानि जीडीपी 4 लाख 37 हजार 145 करोड़ रूपये थी जबकि वर्ष 2024-25 में हरियाणा की अनुमानित जीडीपी 12 लाख 13, हजार 51 करोड़ रूपये रहने का अनुमान है।उन्होंने कहा कि 2014-15 में हरियाणा की प्रति व्यक्ति

आय 1 लाख 47 हजार 382 रुपये थी, जबकि 2024-25 में हरियाणा की अनुमानित प्रति व्यक्ति आय 3,53,182 रुपये है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 2014-15 में हरियाणा के बजट में राजस्व घाटा जीडीपी का 1.90% था वर्ष 2024-25 में राजस्व घाटा जीडीपी का 1.47% रहने का अनुमान है। उन्होंने कहा कि 2014-15 में हरियाणा के बजट में राजकोषीय घाटा जीडीपी का 2.88% था जबकि वर्ष 2024-25 में राजकोषीय घाटा जीडीपी का 2.68% रहने का अनुमान है।

उन्होंने कहा कि राजकोषीय घाटा 2014-15 के 2.88% के मुकाबले अब काम हो के 2.68% तक आना सरकार के कुशल वित्तीय प्रबंधन की परिचायक है।

उन्होंने कहा कि 2025-26 के के बजट प्रस्तावों में इसे और कम करते हुए जीडीपी के 2.67% तक सीमित रखने का लक्ष्य है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 2014-15 में प्रभावी राजस्व घाटा जीडीपी का 1.89% था, जो वर्ष 2024-25 में कम होकर केवल 1.01% रहने का अनुमान है।

उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा लिए गए ऋण के आंकड़े को लेकर लोगों को भ्रमित करने का प्रयास किया जाता है, जबकि आज का बकाया ऋण निर्धारित सीमा से उतने ही प्रतिशत कम है जितना 2014-15 में था ।

**********

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सदन में हरियाणा को भविष्य सक्षम बनाने के लिए डिपार्टमेंट ऑफ़ फ्यूचर नाम से एक नया विभाग बनाने का प्रस्ताव किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि ये विभाग आगामी चुनौतियों विषमताओं और आर्थिक विकास को नई संभावनाओं को भांप कर दूसरे सभी विभागों को नीतिगत सुझाव देगा और समय रहते उनकी क्षमता भी बढ़ाएगा। मुख्यमंत्री ने डाटा आधारित निति निर्धारण के लिए हरियाणा आर्टिफीसियल इंटेलीजेन्स मिशन की स्थापना की घोषणा की।

मुख्यमंत्री ने कहा

हरियाणा ऐ आई मिशन

मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा सरकार सरकार निति निवेशकों को दो हज़ार करोड़ रूपये का एक फण्ड ऑफ़ फंड्स बनाने के लिए भी प्रेरित व प्रोत्साहित करेगी। जो हरियाणा के स्टार्ट अप्स में निवेश करके प्रदेश को नवाचार और उधमिता के प्रमुख केंद्र के रूप में स्थापित करेगा। मुख्यमंत्री ने डंकी रूट की गंभीर समस्या के निवारण के लिए इसी क्षेत्र में एक विधेयक लाने की घोषणा की। इसके अलावा उन्होंने युवाओं को नशे के जल में फसने से बचाने के लिए संकल्प ननम से एक न्य प्राधिकरण गठित करने की घोषणा भी की और प्रदिकरण के लिए दस करोड़ रूपये के प्रारंभिक आवंटन का प्रस्ताव भी किया।

***********

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज किसानों के लिए भी कई घोषणाएं की। मुख्यमंत्री ने कहा कि जो कृषक उत्पादक संगठन एक सरकारी समिति के रूप में पंजीकृत है उनका कंपनी के रूप में पंजीकृत कृषक संगठन के अंतर समाप्त करने के लिए नई भागवानी निति लाई जाएगी। महिलाओं को डेरी सत्यापित करने के लिए एक लाख रूपये तक का ब्याज मुक्त बीमा दिया जाएगा। और मोरनी क्षेत्र में किसानों की आय बढ़ने के लिए विशेष कार्य योजना बनाई जाएगी।

मुख्यमंत्री ने प्रदेश में नए दुग्ध संग्रह केंद्र और हरित स्टोर खोलने की घोषणा भी की।

सीएम हरित स्टोर

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री दुग्ध मुख्यमंत्री दुग्ध उत्पादक प्रोत्साहन योजना के तहत नए वित्तीय वर्ष में सहकारी दूध उत्पादकों को दूध भुगतान के साथ 70 करोड़ रूपये की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। श्री नायब सिंह ने कहा कि किसानों को

राष्ट्रीय व अंतराष्ट्रीय बाज़ारों से जोड़ने के लिए गन्नौर मंडी का निर्माण शीध्र पूरा किया जाएगा।

सीएम गन्नौर मंडी

मुख्यमंत्री ने गुरुग्राम फूलों की खरीद व बिक्री के लिए अत्याधुनिक एवं वर्तानुकूलित फूल मंडी की स्तापना का प्रस्ताव भी रखा। इसके अलावा मुख्यमंत्री ने दक्षिण हरियाणा में सहकारी क्षेत्र की सबसे बढ़ी आधुनिक सरसों तेल मील और कुरुक्षेत्र में सूरजमुखी के तेल की मिल सावर्जनिक और निजी भागीदारी से स्थापित करने की घोषणा की।

उन्होंने पशुपालक किसानों के लिए भी कई घोषणाएं की

सीएम पशु बीमा

मुख्यमंत्री ने देशी सांढ़ के विरय चाटें के लिए हिसार में शुक्राणु चाटें प्रयोगशाला का प्रस्ताव भी रखा। मुख्यमंत्री ने कहा मेरी फसल मेरा ब्यौरा के माध्यम से नए वितय वर्ष में साडी फसलों के लिए अन्तर क्रॉपिंग की सुविधा उपलब्ध कराइ जाएगी। इसके अलावा मुख्यमंत्री ने भगवानी क्षेत्र के लिए भी कई घोषणाएं की। उन्होंने कहा कि फरीदाबाद रैंवरि और कैथल में भी भगवानी मिशन लागू किया जाएगा।

********

प्रादेशिक सामाचार आकाशवाणी चंडीगढ़ से प्रसारित किए जा रहे हैं।

हमारे बुलेटिनों और ताज़ा समाचारों के लिए आप हमारी वेबसाइट newsonair.gov.in पर लॉग- इन कर सकते हैं।

यह समाचार हमारे यू- ट्यूब चैनल और एक्स हैंडल Akashvani News Chandigarh पर भी उपलब्ध हैं।

***********

हरियाणा के मुख्यमंत्री ने गौ सेवा आयोग के तहत गौशालाओं को रहत देने के लिए भी घोषणाएं की।

सीएम गौशाला

मुख्यमंत्री ने लोगों की आस्था व गौ प्रेम बनाये रखने के लिए एक नया गौ अभयारण्य का प्रस्ताव भी किया।

हरियाणा के मुख्यमंत्री ने आज बजट में बागवानी उत्पादों के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए हिसार हवाई अड्डे में एक गोदाम बनाए जाने की घोषणा की।
मुख्यमंत्री ने कहा

सीएम हिसार एयरपोर्ट

मुख्यमंत्री ने कहा कि हैफेड द्वारा पी ई जी  योजना के तहत तीस लाख मौद्रिक टन की नई भण्डारण क्षमता उपलब्ध करवाई जाएगी। मुख्यमंत्री ने और भी कई घोषणाएं की जिसमे यूरिया और डी ऐ पी खाद की बिक्री मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल से जोड़ना शामिल है। इसके अलावा धन की खेती जोड़ने वाले किसानों को मिलने वाली 7 हज़ार रूपये प्रति एकड़ की अनुदान राशि 8 हज़ार रूपये प्रति एकड़ करने की घोषणा भी की गई।